मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे राम आएँगे

मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे,
राम आएँगे
राम आएँगे आएँगे राम आएँगे
मेरी कुटिया के भाग आज जाग जाएंगे,
राम आएँगे,

राम आएँगे तो आंगना सजाऊँगी,
दिया जलाके दिवाली मनाऊँगी,
मेरे जन्मों के पाप सब कट जाएंगे
राम आएँगे,
मेरी झोपडी के भाग आज जग जाएंगे,
राम आएँगे ॥

राम जी झुलेंगे तो झूलना में झुलाऊँगी
मीठे मीठे गीत गाके सुनाऊँगी,
मेरी जिंदगी के सारे दुःख मिट जाएँगे,
राम आएँगे,
मेरी झोपडी के भाग आज जाग जाएंगे
राम आएँगे

मैं रुचि रूचि भोग लगाउंगी,
मिठे मिठे बेर प्रभु को खिलाउंगी
गुरु कृपा से ही भाग मेरे खुल जाएंगे
राम आएंगे
मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे
राम आएंगे

राम आएँगे आएँगे, राम आएँगे,
राम आएँगे आएँगे, राम आएँगे ॥
मेरी झोपडी के भागआज जाग जाएंगे,
राम आएँगे